प्रोजेक्ट स्ट्रॉबेरी

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

[ओपनएआई (OpenAI)] **द्वारा** अपना सबसे उन्नत **Ai मॉडल,** जिसका कोडनेम **प्रोजेक्ट स्ट्रॉबेरी (Project Strawberry) है**, सितंबर से नवंबर 2024 के बीच जारी किये जाने की संभावना है।

- इस मॉडल को OpenAI चैटबॉट के आगामी नए संस्करण [चैटजीपीटी-5](**ChatGPT-5),** में एकीकृत किया जा सकता है।
- **प्रोजेक्ट स्ट्रॉबेरी** [पूर्व में प्रोजेक्ट Q* (Q-स्टार)] का उद्देश्य [कृत्रिम सामान्य बुद्धिमत्ता (Artificial General Intelligence-AGI)] अर्थात् **मानव मस्तिष्क के समान संज्ञानात्मक क्षमताओं वाले** [AI] का सृजन करना है।
- **विशेषताएँ और क्षमताएँ** :
  - **इसने जटिल पहेलिकाओं (puzzles) को सुलझाने** तथा उन्नत संज्ञानात्मक कार्य करने की क्षमता प्रदर्शित की है।
  - ऐसा माना जा रहा है कि यह **गणितीय समस्याओं को** अपने पूर्ववर्ती मॉडल्स की तुलना में अधिक प्रभावी ढंग से हल करता है।
  - **इसमें स्वायत्त तरीके से ऑनलाइन रिसर्च** करने की क्षमता होने की भी आशा व्यक्त की जा रही है।
  - यह भविष्य के मॉडल्स, विशेष रूप से [प्रोजेक्ट ओरियन] **के लिये उच्च गुणवत्ता वाले सिंथेटिक डेटा** उत्पन्न करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
    - प्रोजेक्ट ओरियन (Project Orion) को GPT-4 की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये डिज़ाइन किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट स्ट्रॉबेरी और उच्च गुणवत्ता वाले सिंथेटिक डेटा के संयोजन का उपयोग कर सकता है जो संभवतः अपने पूर्ववर्ती मॉडल्स तथा अन्य AI मॉडल की तुलना में त्रुटियों एवं भ्रामकता को कम करेगा।

और पढ़ें: [कृत्रिम बुद्धिमत्ता]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/project-strawberry